भिलाई निगम के प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने लंबित प्रकरणों एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के प्रभारी आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज विभागीय कार्यों के प्रोग्रेस तथा जन शिकायतों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री जन चौपाल , कलेक्टर जन चौपाल/टीएल, पीएमओ, पीजीएन एवं लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की अधिकारियों से जानकारी ली। बारी-बारी से प्रत्येक आवेदनों पर आयुक्त ने समीक्षा कर निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरतापूर्वक लेकर उसका निराकरण करें, इसके साथ ही आवेदक को भी इसके संबंध में सूचना दें। आवेदन प्राप्त होते ही कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू करने आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा अमृत मिशन , ईडब्ल्यूएस, मोबाइल मेडिकल यूनिट, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मितान योजना की भी जानकारी आयुक्त ने ली। बैठक में आयुक्त ने कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त नरेंद्र बंजारे एवं रमाकांत साहू , जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, खिरोद्र भोई, वैशाली नगर के कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता , भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अनिल मिश्रा एवं जगदीश तिवारी आदि मौजूद रहे।